संख्या- 38 /2026/1265/सत्रह-म-2026-17-1099/187/2024

प्रेषक

मुकेश कुमार मेश्राम,

अपर मुख्य सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,

मत्स्य विभाग,

उ0प्र0, लखनऊ।

मत्स्य उत्पादन अनुभाग लखनऊः दिनांक 20 जुलाई, 2026

**विषयः वेतन समिति उत्तर प्रदेश (2016) के प्रथम प्रतिवेदन भाग-6 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत मत्स्य पालक विकास अभिकरण के सम्बंध में की गयी संस्तुति पर लिए गये निर्णय के कार्यान्वयन के सम्बंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-208/स्था0शा0/ अभिकरण-6714/2026-27 दिनांक 01.07.2026 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मत्स्य विभाग में 19 जनपदों (आजमगढ, बलिया, गोरखपुर, देवरिया, बस्ती, अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर, लखनऊ, उन्नाव, रायबरेली, गोण्डा, बदायूं मेरठ) में विद्यमान 19 मत्स्य पालक विकास अभिकरणों में सीधी भर्ती के कार्मिकों को सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के आधार पर पुनरीक्षित वेतनमान में पुनरीक्षित वेतन संरचना का लाभ दिये जाने हेतु उपर्युक्त अभिकरणों में स्वीकृत निम्न पदों के सम्बंध में सातवें वेतन आयोगी संस्तुतियों के आधार पर संस्तुत वेतनमानों का विवरण निम्नवत है-

| क्र0 सं0 | पदनाम | छठा वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन | सातवाँ वेतनमान संरचना (वेतन मैट्रिक्स लेवल) |
|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य कार्यकारी अधिकारी | वेतन बैण्ड-3<br>15600-39100<br>ग्रेड वेतन 5400/- | पे- मैट्रिक्स लेवल-10<br>(रू0 56100-177500) |
| 2 | मत्स्य प्रसार अधिकारी | वेतन बैण्ड-2<br>9300-34800<br>ग्रेड वेतन 4200/- | पे- मैट्रिक्स लेवल-6<br>(रू0 35400-112400) |
| 3 | अवर अभियंता | वेतन बैण्ड-2<br>9300-34800<br>ग्रेड वेतन 4200/- | पे- मैट्रिक्स लेवल-6<br>(रू0 35400-112400) |
| 4 | तालाब उत्पादन विशेषज्ञ | वेतन बैण्ड-1<br>5200-20200<br>ग्रेड वेतन 2800/- | पे- मैट्रिक्स लेवल-5<br>(रू0 29200-92300) |
| 5 | वरिष्ठ सहायक | वेतन बैण्ड-1 | पे- मैट्रिक्स लेवल-5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 5200-20200<br>ग्रेड वेतन 2800/- | (रू0 29200-92300) |
| 6 | वरिष्ठ लिपिक | वेतन बैण्ड-1<br>5200-20200<br>ग्रेड वेतन 2400/- | पे- मैट्रिक्स लेवल-4<br>(रू0 25500-81100) |
| 7 | मत्स्य प्रसार सहायक | वेतन बैण्ड-1<br>5200-20200<br>ग्रेड वेतन 2000/- | पे- मैट्रिक्स लेवल-3<br>(रू0 21700-69100) |
| 8 | कनिष्ठ लिपिक | वेतन बैण्ड-1<br>5200-20200<br>ग्रेड वेतन 1900/- | पे- मैट्रिक्स लेवल-2<br>(रू019900-63200) |
| 9 | वाहन चालक | वेतन बैण्ड-1<br>5200-20200<br>ग्रेड वेतन 1900/- | पे- मैट्रिक्स लेवल-2<br>(रू019900-63200) |
| 10 | चपरासी | वेतन बैण्ड-1<br>5200-20200<br>ग्रेड वेतन 1800/- | पे- मैट्रिक्स लेवल-2<br>(रू018000-56900) |
| 11 | चौकीदार | वेतन बैण्ड-1<br>5200-20200<br>ग्रेड वेतन 1800/- | पे- मैट्रिक्स लेवल-1<br>(रू018000-56900) |
| 12 | मछुआ | वेतन बैण्ड-1<br>5200-20200<br>ग्रेड वेतन 1800/- | पे- मैट्रिक्स लेवल-1<br>(रू018000-56900) |

2- वेतन समिति (2016) के प्रथम प्रतिवेदन भाग-3 में की गयी संस्तुतियों पर लिए गये निर्णयानुसार मत्स्य विभाग के अन्तर्गत मत्स्य पालक विकास अभिकरण के सम्बंध में की गयी संस्तुति एवं लिए गये निर्णय के क्रम में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत 19 जनपदों में विद्यमान मत्स्य पालक विकास अभिकरणों के वेतनमानों का उपर्युक्तानुसार अनुमन्य वेतनमानों को पुनरीक्षित मानते हुए उसके सादृश्य पुनरीक्षित संरचना में सातवें वेतनमान का लाभ वित्त (वेतन आयोग) के संकल्प संख्या- 66/2026-वे0आ0-2-1443/दस- 04 (एम)/2016 दिनांक 20 दिसम्बर, 2016 की व्यवस्थानुसार वर्तमान में कार्यरत कार्मिकों को दिनांक 13.07.2026 से निम्न शर्तो के अधीन अनुमन्य किया जाता है-

1. सातवें वेतनमान की पुनरीक्षित वेतन संरचना का लाभ दिनांक 13.07.2026 से अनुमन्य किये जाने हेतु पुनरीक्षण के फलस्वरूप आने वाले व्यय-भार हेतु बजटीय प्रावधान महानिदेशक मत्स्य द्वारा शीघ्र उपलब्ध कराया जायेगा।
2. जिन मत्स्य पालक विकास अभिकरणों की गवर्निंग बाडी/बोर्ड द्वारा पूर्व में सातवें वेतनमान की संरचना के अनुसार वेतन पुनरीक्षण का प्रस्ताव अनुमोदित नहीं किया गया

है, उन अभिकरण की गवर्निंग बाडी/ बोर्ड का अनुमोदन तत्काल प्राप्त कर लिया जायेगा

3. दिनांक 13.07.2026 से सातवें वेतनमान की संरचना केवल उन्हीं कर्मचारियों पर लागू होगी, जो शासन द्वारा सृजित पदों के विरूद्व ही कार्यरत हों।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या- **E-1-92-X-2026-27** में प्राप्त उनकी सहमति के आधार पर निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

Digitally signed by
MUKESH KUMAR MESHRAM
Date: 17-07-2026 19:02:01

(मुकेश कुमार मेश्राम)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या: 38 /2026 /1265(1) / सत्रह-म-2026 तददिनांक

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1-महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 प्रयागराज।

2-समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0

3-समस्त जिलाधिकारी उ0प्र0।

4-समस्त उप निदेशक मत्स्य/सहायक निदेशक मत्स्य/मुख्यकार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण उ0प्र0।

5-वित्त एवं लेखाधिकारी, मत्स्य निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ।

6- सम्बधित कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

7-वित्त (वेतन) आयोग-1 /वित्त (वेतन) आयोग-2 ।

8-गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सुनील कुमार वर्मा)
विशेष सचिव।